Website : www.prsuniv.ac.in E-mail ID- registrar@prsuniv.ac.in

**प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज, उ0प्र0**

**Prof. Rajendra Singh (Rajju Bhaiya) University, Prayagraj, U.P.**

**पत्रांक : प्रोरासिविवि/कुसका/2025– 1938** **दिनांक : 18/09/2025**

**सेवा में,**

1. **प्राचार्य/प्राचार्या,**
   समस्त राजकीय/अनुदानित/स्ववित्तपोषित महाविद्यालय
   सम्बद्ध प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय
   प्रयागराज।
2. **अधिष्ठाता छात्र कल्याण**
   प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय
   प्रयागराज।

**विषयः–** वित्तीय वर्ष 2025–26 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत पोर्टल में संशोधन, समय सारिणी आदि का प्रस्तुतीकरण व हितधारकों की समस्याओं के निराकरण व प्रशनोत्तर के लिए प्रदेश के प्रयागराज मण्डल अन्तर्गत जनपदों की कार्यशाला आयेजित किये जाने के सम्बन्ध में।

**महोदय,**

उपर्युक्त विषयक मुख्य विकास अधिकारी के पत्र संख्या––सी0–2355/स0क0/छात्रवृत्ति/कार्यशाला/2025–26 दिनांक 18.09.2025 (छायाप्रति संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से वित्तीय वर्ष 2025–26 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत पोर्टल में समय–सारिणी आदि का प्रस्तुतीकरण व हितधारकों की तकनीकी एवं योजनापरक समस्यों के निराकरण व प्रश्नोत्तर के लिये शासन द्वारा प्रयागराज मण्डल (जनपद प्रयागराज, प्रतापगढ, कौशाम्बी, फतेहपुर) हेतु **मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रोद्योगिकी संस्थान, तेलियरगंज, प्रयागराज में स्थित एम0पी0 हॉल (बहुउद्देशीय हॉल)** में दशमोत्तर छात्रवृत्ति कार्यशाला आयोजित किया गया है।

अतएव उक्त के क्रम में विश्वविद्याल से सम्बद्ध 04 जनपदों के महाविद्यालयों के प्राचार्य/प्रबन्धक/छात्रवृत्ति नोडल अधिकारी, यथावश्यक कुछ छात्रों के साथ **मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रोद्योगिकी संस्थान, तेलियरगंज, प्रयागराज में स्थित एम0पी0 हॉल (बहुउद्देशीय हॉल)** में दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत **दिनांक 22.09.2025 को समय 12:00 बजे** उक्त कार्यशाला में ससमय अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

**संलग्नक**–यथोक्त।

**भवदीया**

**प्रो0 (विनीता यादव)**
कुलसचिव

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ::–**

1. मुख्य विकास अधिकारी, प्रयागराज।
2. जिला समाज कल्याण अधिकारी, प्रयागराज।
3. उप कुलसचिव (छात्रवृत्ति) को इस आशय से प्रेषित कि उक्त कार्यशाला में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।
4. प्रभारी एजेन्सी को इस आशय से प्रेषित कि समस्त राजकीय/अनुदानित/स्ववित्तपोषित महाविद्यालय की लॉगिन एवं विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
5. सम्बन्धित पत्रावली।

कुलसचिव



Scanned with OKEN Scanner

# कार्यालय, मुख्य विकास अधिकारी, प्रयागराज।

पत्रांकः C-2355 /स0क0/छात्रवृत्ति–कार्यशाला/2025–26 दिनांकः 18/09/2025

1–रजिस्ट्रार, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद।
2–रजिस्ट्रार, प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भैया) राज्य विश्वविद्यालय, प्रयागराज।
3–संयुक्त शिक्षा निदेशक (उच्च शिक्षा), प्रयागराज।
4–सचिव, परीक्षा नियामक प्राधिकारी, उ0प्र0 प्रयागराज।
5–संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा (आई0टी0आई0) प्रयागराज।
6–निदेशक, मोती लाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, प्रयागराज।
7–निदेशक, आई0आई0आई0टी0 झलवा, प्रयागराज।
8–जिला विद्यालय निरीक्षक, प्रयागराज।
9–प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) प्रयागराज।
10–रजिस्ट्रार, यूनाईटेड यूनिवर्सिटी, प्रयागराज।
11–समस्त रजिस्ट्रार/प्राचार्य, राजकीय एवं अनुदानित शिक्षण संस्थान, प्रयागराज।

विषयः– वित्तीय वर्ष 2025–26 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत पोर्टल में संशोधन, समय–सारिणी आदि का प्रस्तुतीकरण व हितधारकों की समस्याओं के निराकरण व प्रश्नोत्तर के लिए प्रदेश के प्रयागराज मण्डल अन्तर्गत जनपदों की कार्यशाला आयोजित किये जाने के सम्बन्ध में।

कृपया उपर्युक्त विषयक निदेशक, समाज कल्याण, उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्या सी–1826/स0क0/शिक्षा–अ/9/602–2/2025–26 दिनांक 25.07.2025 व पत्र संख्या सी–1848/स0क0/शिक्षा–अ/9/602–2/2025–26 दिनांक 28.07.2025, उपनिदेशक, समाज कल्याण, प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज के पत्र संख्या 406–10 दिनांक 25.08.2025 एवं आयुक्त, प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज के कार्यालय पत्र संख सी–494 दिनांक 12.09.2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा वित्तीय वर्ष 2025–26 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत पोर्टल में संशोधन, समय–सारिणी आदि का प्रस्तुतीकरण व हितधारकों की तकनीकी एवं योजनापरक समस्याओं के निराकरण व प्रश्नोत्तर के लिये शासन द्वारा प्रयागराज मण्डल (जनपद प्रयागराज, प्रतापगढ़, कौशाम्बी व प्रतापगढ़) हेतु **दशमोत्तर छात्रवृत्ति कार्यशाला दिनांक 22.09.2025 (सोमवार) को समय मध्यान्ह 12:00 बजे मोती लाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, तेलियरगंज, प्रयागराज में स्थित एम0पी0 हॉल** (बहुउद्देशीय हॉल) में आयोजित किया गया है।

अतः आपसे अपेक्षा है कि समस्त विश्वविद्यालय/एफिलियेटिंग एजेंसी/शिक्षण संस्थाओं के निदेशक/प्राचार्य/प्रबन्धक एवं छात्रवृत्ति नोडल अधिकारी के साथ–साथ यथावश्यक कुछ छात्रों को दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत दिनांक **22.09.2025 (सोमवार) को समय मध्यान्ह 12:00 बजे मोती लाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, तेलियरगंज, प्रयागराज में आयोजित उक्त मण्डलीय दशमोत्तर छात्रवृत्ति कार्यशाला में ससमय अनिवार्य रूप से उपस्थित होने हेतु अपने स्तर से विश्वविद्यालय/एफिलियेटिंग एजेंसी/शिक्षण संस्थाओं के निदेशक/प्राचार्य/प्रबन्धक एवं छात्रवृत्ति नोडल अधिकारी को सूचित/निर्देशित करने का कष्ट करें।**

(हर्षिका सिंह)
मुख्य विकास अधिकारी,
प्रयागराज।

पृष्ठांकन संख्या /तद्दिनांक।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. आयुक्त, प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज।
2. निदेशक, समाज कल्याण, उ0प्र0 लखनऊ।
3. जिलाधिकारी, प्रयागराज।
4. उपनिदेशक, समाज कल्याण, प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज।
5. जिला समाज कल्याण अधिकारी, प्रयागराज, जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास), प्रयागराज, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, प्रयागराज एवं जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, प्रयागराज को इस निर्देश के साथ कि समन्वय स्थापित कर समस्त शिक्षण संस्थाओं को उक्त कार्यशाला में प्रतिभाग कराना सुनिश्चित करें।

मुख्य विकास अधिकारी,
प्रयागराज।

Scanned with OKEN Scanner

प्रेषक,

आयुक्त,
प्रयागराज मण्डल,
प्रयागराज।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
प्रयागराज/कौशाम्बी/फतेहपुर/प्रतापगढ़।

दिनांक- 12 सितम्बर, 2025

पत्रांक- C-494 /म०उ०नि०/ स०क०/छात्रवृत्ति-75ए/ 2025-26

विषय: वित्तीय वर्ष 2025-26 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत पोर्टल में संशोधन, समय-सारिणी आदि का प्रस्तुतीकरण व हितधारकों की समस्याओं के निराकरण व प्रश्नोत्तर के लिए दिनांक 22.09.2025 (सोमवार) को मण्डलीय कार्यशाला के आयोजन के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अधोहस्ताक्षरी के साथ-साथ आपको एवं अन्य को पृष्ठांकित निदेशक, समाज कल्याण, उ०प्र०,लखनऊ के पत्र संख्या सी-1826/स०क०/शिक्षा-अ/9/602-2/2025-26 दिनांक 25.07.2025 एवं पत्र संख्या सी-1848/स०क०/शिक्षा-अ/9/602-2/2025-26 दिनांक 28.07.2025 (छायाप्रति संलग्न) का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत पोर्टल में संशोधन, समय-सारिणी आदि का प्रस्तुतीकरण व हितधारकों की समस्याओं के निराकरण व प्रश्नोत्तर के लिए प्रदेश के 18 मण्डलों के जनपदों में विभिन्न तिथियों में कार्यशाला आयोजित का निर्णय लिया गया है। तत्क्रम में प्रयागराज मण्डल के जनपदों की कार्यशाला आयोजन की तिथि 22.09.2025 (सोमवार) निर्धारित करते हुए उप निदेशक, समाज कल्याण, प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज को नोडल अधिकारी तथा जिला समाज कल्याण अधिकारी, प्रयागराज को सह नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

*उक्त कार्यशाला में निदेशालय, समाज कल्याण, उ०प्र०, लखनऊ के योजनाधिकारी/नोडल अधिकारी (छात्रवृत्ति) एवं डेवलपर/तकनीकी विशेषज्ञ की उपस्थिति में सम्बन्धित जनपद के जिलाधिकारी के मार्गदर्शन में प्रयागराज मण्डल के विश्वविद्यालय/एफिलियेटिंग एजेंसी/शिक्षण संस्थाओं के नोडल अधिकारी, तकनीकी सहायक के साथ-साथ उप निदेशक, समाज कल्याण, प्रयागराज मण्डल तथा समस्त जिला समाज कल्याण अधिकारी/जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास), प्रयागराज/कौशाम्बी/फतेहपुर/प्रतापगढ़ एवं सम्बन्धित जनपद में छात्रवृत्ति योजना का कार्य देख रहे पटल सहायकों/कम्प्यूटर ऑपरेटरों को प्रतिभाग किया जाना है।*

अतः आप अपने जनपद में संचालित समस्त विश्वविद्यालय/एफिलियेटिंग एजेंसी/संस्थाओं/यथावश्यक कुछ छात्रों को दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत दिनांक 22.09.2025 (सोमवार) को समय 12:00 बजे (मध्यान्ह) मोती लाल नेहरु राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, तेलियरगंज, प्रयागराज में आयोजित उक्त मण्डलीय कार्यशाला में ससमय अनिवार्य रूप से उपस्थित होने हेतु अपने स्तर से सूचित/निर्देशित करने का कष्ट करें।

संलग्नक-यथोक्त।

C-494
16.09.25
DSWO

मुख्य विकास अधिकारी
प्रयागराज
15.9.2025

भवदीय,

(विजय विश्वास पन्त)
आयुक्त,
प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज।

पृष्ठांकन संख्या एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपिः- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(1) अपर मुख्य सचिव, समाज कल्याण, उ0प्र0शासन।
(2) निदेशक, समाज कल्याण, उ0प्र0, लखनऊ।
(3) निदेशक, मोती लाल नेहरु राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, तेलियरगंज, प्रयागराज।
(4) मुख्य विकास अधिकारी, प्रयागराज/कौशाम्बी/फतेहपुर/प्रतापगढ़।
(5) संयुक्त विकास आयुक्त, प्रयागराज मंडल, प्रयागराज।
(6) उप निदेशक, समाज कल्याण, प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज।

आयुक्त,
प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज।

प्राप्ति
पटल 21जी9
दिनांक........ 16.9.25

स0क0अधि0 प्रयागराज

Scanned with OKEN Scanner

DIVPRJ-DDSW-SA(SCHS)/1/2025-DDSW-DIV-PRJ

I/396326/202

कार्यालय
26 AUG 2025
मण्डलायुक्त प्रयागराज

महत्वपूर्ण/
कार्यशाला दिनांक 22.09.2025

## कार्यालय उप निदेशक, समाज कल्याण, प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज।

पत्रांक 406-10 /मं0उ0नि0/स0क0/छात्रवृत्ति-75ए/2025-26 दिनांक 25 अगस्त, 2025

**जिला समाज कल्याण अधिकारी,**
**प्रयागराज।**

**विषय: वित्तीय वर्ष 2025-26 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत प्रस्तुतीकरण व हितधारकों की समस्याओं के निराकरण व प्रश्नोत्तर के लिए प्रदेश के प्रयागराज मण्डल अन्तर्गत जनपदों की कार्यशाला योजित किये जाने के सम्बन्ध में।**

उपर्युक्त विषयक अधोहस्ताक्षरी के साथ-साथ आपको सम्बोधित तथा मण्डलायुक्त, प्रयागराज एवं जिलाधिकारी, प्रयागराज एवं अन्य को पृष्ठांकित निदेशालय समाज कल्याण, उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्या सी-1826/स0क0/शिक्षा-अ/9/602-2/2025-26 दिनांक 25.07.2025 एवं पत्र संख्या-सी-1848/स0क0/शिक्षा-अ/9/602-2/2025-26 दिनांक 28.07.2025 **(छायाप्रति संलग्न)** का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से अवगत कराया गया है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत पोर्टल में संशोधन, समय-सारिणी आदि का प्रस्तुतीकरण व हितधारकों की समस्याओं के निराकरण व प्रश्नोत्तर के लिए प्रदेश के 18 मण्डलों के जनपदों में कार्यशाला योजित की जानी हैं, जिसमें विभिन्न विश्वविद्यालयों/एफिलियेटिंग एजेंसी/संस्थाओं/छात्रों के साथ-साथ सम्बन्धित मण्डल के संयुक्त/ उप निदेशक, सम्बन्धित जनपद के जिला समाज कल्याण अधिकारी व जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) व छात्रवृत्ति योजना का कार्य देख रहे पटल सहायकों/कम्प्यूटर आपरेटर तथा निदेशालय समाज कल्याण, उ0प्र0 लखनऊ से उप निदेशक/योजनाधिकारी (छात्रवृत्ति) एवं सहायक निदेशक (छात्रवृत्ति) व तकनीकी सहायक/विशेषज्ञ उपस्थित रहेंगे।

उक्त कार्यशाला के सम्बन्ध में निदेशालय समाज कल्याण, उ0प्र0 लखनऊ के उक्त पत्रांक सी-1826 दिनांक 25.07.2025 द्वारा आपको सह नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि जनपद प्रयागराज में दिनांक 22.09.2025 (सोमवार) को आयोजित होने वाली उक्त छात्रवृत्ति कार्यशाला के सम्बन्ध में जिलाधिकारी, प्रयागराज से समन्वय स्थापित करते हुए उनके मार्ग दर्शन में प्रयागराज मण्डल के अन्तर्गत स्थित विश्वविद्यालयों/एफिलियेटिंग एजेंसी/संस्थाओं को दृष्टिगत रखते हुए आडिटोरियम की व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।

सं0-6443
दि0-01-09-2025
जिला समाज कल्याण, प्रया0
अधिकारी

A-C-(A)
26-08-25

**संलग्नक:यथोक्त।**

1581
पत्र प्राप्ति
पटल सहा0...
दिनांक... 3-9-25
स0क0अधि0 प्रयागराज

Digitally signed by
Sudhir Kumar
Date: 25-08-2025
13:49:06

**(सुधीर कुमार)**
**उप निदेशक,**
**समाज कल्याण**
**प्रयागराज मण्डल,प्रयागराज।**

**पृष्ठांकन संख्या एवं दिनांक तदैव।**
**प्रतिलिपिः निम्नलिखित की सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-**

1. निदेशक, समाज कल्याण, उ0प्र0, लखनऊ।
2. मण्डलायुक्त, प्रयागराज।
3. जिलाधिकारी, प्रयागराज।
4. मुख्य विकास अधिकारी, प्रयागराज।

Scanned with OKEN Scanner

ई–मेल/शीर्ष प्राथमिकता

# निदेशालय, समाज कल्याण, उत्तर प्रदेश

पत्रांक– C-1848 /स0क0/शिक्षा–अ/9/602–2/2025–26,
लखनऊ: दिनांक: 28 जुलाई, 2025

1– समस्त मण्डलीय संयुक्त/उप निदेशक,
समाज कल्याण, उत्तर प्रदेश।

2– समस्त जिला समाज कल्याण अधिकारी/
समस्त जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास),
उत्तर प्रदेश।

विषयः– वित्तीय वर्ष 2025–26 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत पोर्टल में संशोधन, समय–सारिणी आदि का प्रस्तुतीकरण व हितधारकों की समस्याओं के निराकरण व प्रश्नोत्तर के लिए प्रदेश के 18 मण्डलों के जनपदों में कार्यशाला आयोजित किये जाने के सम्बन्ध में।

उपरोक्त विषयक निदेशालय पत्रांक सी0–1826 दिनांक 25–07–2025 का संदर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत मण्डलीय स्तर के जनपदों में कार्यशाला आयोजन किये जाने के सम्बन्ध में जनपदवार तिथि निर्धारित करते हुए 10 विन्दुओं पर आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिये गये हैं। इसी कम में दिनांक 25–07–2025 को सायं 5:30 बजे निदेशक, समाज कल्याण की अध्यक्षता में आयोजित वीडियो कांफ्रेन्सिंग में कतिपय जिला समाज कल्याण अधिकारियों द्वारा तहसील दिवस का ध्यान रखकर संशोधित तिथि जारी करने का अनुरोध किया गया है। तत्कम में कार्यशाला आयोजित किये जाने हेतु संशोधित तिथियाँ निम्नानुसार है :–

| क0सं0 | मण्डल/जनपद | कार्यशाला आयोजित करने वाले जनपद | कार्यशाला की तिथियाँ |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | झांसी | झांसी | 04 अगस्त, 2025, सोमवार |
| 2 | चित्रकूट | चित्रकूट | 05 अगस्त, 2025, मंगलवार |
| 3 | गोरखपुर | गोरखपुर | 07 अगस्त, 2025, गुरूवार |
| 4 | बस्ती | बस्ती | 08 अगस्त, 2025, शुक्रवार |
| 5 | वाराणसी | वाराणसी | 11 अगस्त, 2025, सोमवार |
| 6 | विंध्याचल | मिर्जापुर | 12 अगस्त, 2025, मंगलवार |
| 7 | आजमगढ़ | आजमगढ | 21 अगस्त, 2025, गुरूवार |
| 8 | अयोध्या | अयोध्या | 22 अगस्त, 2025, शुक्रवार |
| 9 | देवीपाटन | गोण्डा | 23 अगस्त, 2025, शनिवार |
| 10 | लखनऊ | लखनऊ | 25 अगस्त, 2025, सोमवार |
| 11 | मेरठ | मेरठ | 01 सितम्बर, 2025, सोमवार |
| 12 | सहारनपुर | सहारनपुर | 02 सितम्बर, 2025, मंगलवार |
| 13 | आगरा | आगरा | 08 सितम्बर, 2025, सोमवार |
| 14 | अलीगढ | अलीगढ़ | 09 सितम्बर, 2025, मंगलवार |
| 15 | मुरादाबाद | मुरादाबाद | 15 सितम्बर, 2025, सोमवार |
| 16 | बरेली | बरेली | 16 सितम्बर, 2025, मंगलवार |
| 17 | कानपुर | कानपुर | 19 सितम्बर, 2025, शुक्रवार |
| 18 | प्रयागराज | प्रयागराज | 22 सितम्बर, 2025, सोमवार |

1210

21/7/25

30-7-25

Scanned with OKEN Scanner

अतः उक्त पत्र दिनांक 25–07–2025 के क्रम में आपको निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्त तिथियों में कार्यशाला के सम्बन्ध में सम्बन्धित जनपद के जिलाधिकारी के मार्ग दर्शन में आवश्यक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।

Digitally signed
KUMAR PRASHA
Date: 28-07-202
13:28:43

( कुमार प्रशान्त )
निदेशक

पृष्ठांकन संख्या व दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—

1– निजी सचिव, मा0 राज्य मंत्री (स्व0प्र0) समाज कल्याण विभाग, उ0प्र0 सरकार।

2– अपर मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन, समाज कल्याण अनुभाग–3

3– समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।

4– निदेशक, पिछड़ा वर्ग कल्याण/अल्पसंख्यक कल्याण/जनजाति विकास विभाग, उत्तर प्रदेश।

5– समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।

6– कुल सचिव, समस्त केन्द्रीय/राज्य/निजी विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश (संलग्न सूची के अनुसार) द्वारा जिला समाज कल्याण अधिकारी, उत्तर प्रदेश।

7– समस्त निदेशक/सचिव/रजिस्ट्रार, एफिलियेटिंग एजेंसी, उत्तर प्रदेश। (संलग्न सूची के अनुसार)

8– समस्त मण्डलीय संयुक्त निदेशक, शिशुक्ष एवं प्रशिक्षण, उत्तर प्रदेश द्वारा मण्डलीय उप निदेशक, समाज कल्याण, उत्तर प्रदेश।

9– समस्त प्राचार्य, जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान, उत्तर प्रदेश द्वारा जिला समाज कल्याण अधिकारी, उत्तर प्रदेश।

Scanned with OKEN Scanner

ई–मेल/शीर्ष प्राथमिकता

# निदेशालय, समाज कल्याण, उत्तर प्रदेश

पत्रांक– C-1826 /स0क0/शिक्षा–अ/9/602–2/2025–26,

लखनऊः दिनांकः 25 जुलाई, 2025

1– समस्त मण्डलीय संयुक्त/उप निदेशक,
समाज कल्याण, उत्तर प्रदेश।

2– समस्त जिला समाज कल्याण अधिकारी/
समस्त जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास),
उत्तर प्रदेश।

विषयः– वित्तीय वर्ष 2025–26 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत पोर्टल में संशोधन, समय–सारिणी आदि का प्रस्तुतीकरण व हितधारकों की समस्याओं के निराकरण व प्रश्नोत्तर के लिए प्रदेश के 18 मण्डलों के जनपदों में कार्यशाला आयोजित किये जाने के सम्बन्ध में।

उपरोक्त विषय की ओर आपका ध्यान आकर्षित करते हुए अवगत कराना है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत पोर्टल में संशोधन, समय–सारिणी आदि का प्रस्तुतीकरण व हितधारकों की समस्याओं के निराकरण व प्रश्नोत्तर के लिए प्रदेश के 18 मण्डलों के जनपदों में कार्यशाला आयोजित की जानी है, जिसमें विभिन्न विश्वविद्यालयों/एफिलियेटिंग एजेंसी/संस्थाओं/छात्रों के साथ–साथ सम्बन्धित मण्डल के संयुक्त/उप निदेशक, सम्बन्धित जनपद के जिला समाज कल्याण अधिकारी व जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) व छात्रवृत्ति योजना का कार्य देख रहे पटल सहायकों/कम्प्यूटर आपरेटर तथा निदेशालय से श्री आनन्द कुमार सिंह, उप निदेशक/छात्रवृत्ति योजनाधिकारी एवं श्री सिद्धार्थ मिश्र, सहायक निदेशक छात्रवृत्ति व श्री अंकित कुमार वार्ष्णेय, डेवलपर/तकनीकी विशेषज्ञ उपस्थित रहेंगे। उक्त कार्यशाला निम्नानुसार की जायेगीः–

1– सम्बन्धित मण्डल के उप निदेशक, समाज कल्याण कार्यशाला आयोजन हेतु नोडल अधिकारी तथा कार्यशाला आयोजित होने वाले जनपद के जिला समाज कल्याण अधिकारी सह नोडल अधिकारी नामित किये जाते हैं।

2– मण्डल के सम्बन्धित जनपद में स्थित किसी विश्वविद्यालय के आडीटोरियम में की जायेगी।

3– यदि जनपद में विश्वविद्यालय नहीं है तो जनपद में स्थित किसी शासकीय आडीटोरियम में अथवा बड़े शिक्षण संस्थान के आडीटोरियम में कार्यशाला आयोजित की जायेगी।

4– विश्वविद्यालय/एफिलियेटिंग एजेंसी/शिक्षण संस्थाओं के नोडल अधिकारी, तकनीकी सहायक, सम्बन्धित पटल सहायक, जिला समाज कल्याण अधिकारी व कार्यालय के छात्रवृत्ति के सम्बन्धित सहायक व कुछ चयनित छात्र कार्यशाला में प्रतिभाग करेंगे।

5– कार्यशाला मध्यान्ह 12:00 बजे प्रारम्भ होगी।

6– सम्बन्धित मण्डलों के जनपदों में स्थित शिक्षण संस्थाओं के नोडल अधिकारियों एवं छात्रों की संख्या को दृष्टिगत रखते हुए आडीटोरियम की व्यवस्था की जायेगी।

7– यदि आवश्यकता हुई तो निदेशालय से प्रतिभाग करने वाले अधिकारियों तथा अन्य को ठहरने आदि की व्यवस्था जिलाधिकारी के माध्यम से जनपद में स्थित राजकीय सर्किट हाऊस में करायी जायेगी।

8– कार्यशाला के संचालन/आयोजन के सम्बन्ध में सहयोग हेतु निदेशालय के श्री सिद्धार्थ मिश्र, सहायक निदेशक (मो0नं0–9415549079) से एवं मण्डल/जनपद में सम्बन्धित मण्डलीय उप निदेशक तथा जिला समाज कल्याण अधिकारी से सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं।

1211
21.5.19
30/7/25
Rk
सहायक प्रशासक

Scanned with OKEN Scanner

9– कार्यशाला के सफल संचालन हेतु मण्डल/जनपद के नोडल अधिकारी/सह नोडल अधिकारी द्वारा कार्मिकों की ड्यूटी लगायी जायेगी।

10– कार्यशाला सम्पन्न होने के उपरांत कार्यशाला पर हुए वास्तवित व्यय पर धनावंटन की मांग जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा की जायेगी।

उक्त कार्यशाला 18 मण्डलों के जनपदों में निम्नानुसार तिथियों में आयोजित की जायेगी :–

| क0सं0 | मण्डल/जनपद | कार्यशाला आयोजित करने वाले जनपद | कार्यशाला की तिथियाँ |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | झांसी एवं चित्रकूट | झांसी | 02 अगस्त, 2025, शनिवार |
| 2 | बस्ती एवं गोरखपुर | गोरखपुर | 07 अगस्त, 2025, गुरुवार |
| 3 | वाराणसी एवं मिर्जापुर | वाराणसी | 11 अगस्त, 2025 सोमवार |
| 4 | आजमगढ़ | आजमगढ़ | 20 अगस्त, 2025, बुधवार |
| 5 | लखनऊ | लखनऊ | 22 अगस्त, 2025, शुक्रवार |
| 6 | अयोध्या एवं देवीपाटन | अयोध्या | 23 अगस्त, 2025, शनिवार |
| 7 | मेरठ एवं सहारनपुर | मेरठ | 01 सितम्बर, 2025, सोमवार |
| 8 | आगरा | आगरा | 05 सितम्बर, 2025, शुक्रवार |
| 9 | अलीगढ़ | अलीगढ़ | 06 सितम्बर, 2025, शनिवार |
| 10 | मुरादाबाद एवं बरेली | मुरादाबाद | 12 सितम्बर, 2025, शुक्रवार |
| 11 | कानपुर | कानपुर | 16 सितम्बर, 2025, मंगलवार |
| 12 | प्रयागराज | प्रयागराज | 20 सितम्बर, 2025, शनिवार |

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्त कार्यशाला के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।

Digitally signed by
KUMAR PRASHANT
Date: 25-07-2025
12:45:05

(कुमार प्रशान्त)
निदेशक

पृष्ठांकन संख्या व दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– निजी सचिव, मा0 राज्य मंत्री (स्व0प्र0) समाज कल्याण विभाग, उ0प्र0 सरकार।

2– अपर मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन, समाज कल्याण अनुभाग–3

3– समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।

4– निदेशक, पिछड़ा वर्ग कल्याण/अल्पसंख्यक कल्याण/जनजाति विकास विभाग, उत्तर प्रदेश।

5– समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।

6– कुल सचिव, समस्त केन्द्रीय/राज्य/निजी विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश (संलग्न सूची के अनुसार) द्वारा जिला समाज कल्याण अधिकारी, उत्तर प्रदेश।

7– समस्त निदेशक/सचिव/रजिस्ट्रार, एफिलियेटिंग एजेंसी, उत्तर प्रदेश। (संलग्न सूची के अनुसार)

Scanned with OKEN Scanner